मुख्यमंत्री पुलिस एकेडमी में आयोजित 74 डिप्टी एसपी के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए, कई करोड़ की योजनाएं शुरू कीं

मुरादाबाद ग्रोथ इंजन, निर्यात का हब बनेगा

संकल्प

मुरादाबाद, मुख्य संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुरादाबाद में एक बार फिर दोहराया कि यूपी की डबल इंजन की सरकार सुरक्षा और सम्मान दोनों दे रही है। सपा-कांग्रेस के लोग विभाजनकारी हैं। वे जातिवाद कर दंगाइयों के सामने घुटने टेक रहे हैं। ऐसे लोगों से बचकर रहने की जरूरत है। उन्होंने मुरादाबाद के उद्यमियों की मुक्तकंठ से सराहना की। कहा कि जैसे यूपी केंद्र सरकार का ग्रोथ इंजन है, वैसे ही मुरादाबाद यूपी का ग्रोथ इंजन है। इसे हम एक्सपोर्ट का हब बनाएंगे।

मुख्यमंत्री सोमवार को पुलिस एकेडमी में 74 डिप्टी की पासिंग आउट परेड में शामिल होने के साथ ही कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित रोगजार मेले में भी पहुंचे। उन्होंने नियुक्ति पत्र, ऋण और विद्यार्थियों को टैबलेट बांटे। साथ ही उन्होंने जिले के लिए 401 करोड़ की 292 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मुरादाबाद पुलिस एकेडमी में हुए दीक्षांत समारोह में परेड की सलामी ली।

दीक्षांत में योगी हुए शामिल: रोजगार मेले से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ डा. भीमराव पुलिस एकेडमी में आयोजित 74 डिप्टी एसपी के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने दीक्षांत समारोह परेड की सलामी लेने के बाद पास आउट सभी डिप्टी एसपी को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि वर्दी इसलिए मिली है कि लोग इसे देख कर सुरक्षा और विश्वास से भर जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले यूपी में डर और भय का माहौल था। पिछले साढ़े सात साल में कोई दंगा नहीं हुआ। सपा पर हमलावर होते हुए कहा कि पहले भर्ती निकलती थी तो चाचा भतीजे (शिवपाल और अखिलेश) वसूली को निकल पड़ते थे। न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ता था।

65 फीसदी ले जाना है बैंकों का सीडी रेशियो जो पहले 44 था

02 लाख सरकारी नौकरियां अगले दो वर्ष में देने का वादा

सीबीजी में यूपी अव्वल, गडकरी ने योगी के प्रयासों को सराहा

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। केन्द्रीय सड़क, परिवहन एवं राज्य मार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि कम्प्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) उत्पादन में यूपी देश में पहले स्थान पर है। यह उपलब्धि योगी सरकार के प्रयासों का नतीजा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी जल्दी ही सीबीजी के साथ ही अतिरिक्त ऊर्जा के क्षेत्र में भी नये कीर्तिमान स्थापित करेगा।

केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को दिल्ली के द्वारका में यशोभूमि कन्वेन्शन सेन्टर में आयोजित इन्डिया बायो एनर्जी एवं टेक एक्पो-2024 के उदघाटन के मौके पर यह कहा।

सीएनजी युक्त ट्रैक्टर का सुझाव दिया: नितिन गडकरी का यूपीनेडा के स्टाल पर प्रमुख सचिव, ऊर्जा नरेन्द्र भूषण ने उनका स्वागत किया। उन्होंने मंत्री को बताया कि सीबीजी उत्पादन के क्षेत्र में यूपी पूरे देश में पहले नम्बर है। नितिन गडकरी ने महेन्द्रा मोटर्स से संपर्क कर सीएनजी आधारित ट्रेक्टर हेतु नीति निर्धारण करने का सुझाव भी दिया।